
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 185 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**तैयारी से बेअसर करें दूसरी लहर



# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 24 अक्टूबर 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम — अधिकतम 31.0° न्यूनतम 21.0°

37244.59

2 नवरात्रि धार्मिक ही नहीं वैज्ञानिक भी है

7 मैं एक डांस सेंसेशन बन गईः नोरा

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्गाअष्टमी एवं नवमी की शुभकामनाएं दीं

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने दुर्गाअष्टमी एवं नवमी की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने कहा कि दुर्गा अष्टमी एवं नवमी शक्ति की उपासना का पर्व है। जो मातृ शक्ति के रूप में इस जगत में व्याप्त है। यह पर्व महिला सशक्तिकरण के प्रति भी हमारा ध्यान आकर्षित करता है।

### कार खाई में गिरी, दो लोगों की मौत, तीन घायल

**संवाददाता** पौड़ी। पौड़ी जिले के रिखणीखाल में एक कार खाई में गिर गई। हादसा गुरुवार देर रात हुआ। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं अन्य तीन गंभीर रूप से घायल हैं। बताया कि उक्त कार सवार फरीदाबाद (हरियाणा) से शादी में शिरकत करने के लिए पौड़ी जिले के रथुवाढाब गांव में जा रहे थे कि तभी ये अनहोनी हो गई। घायलों को बेस अस्पताल कोटद्वार में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा बताया गया कि गुरुवार की रात रथुवाढाब और ढौंटियाल के बीच एक इनोवा कार गहरी खाई में गिर गई थी। सूचना पर पुलिस चौकी प्रभारी ओमप्रकाश टीम के साथ मौके पर पहुंचे और खाई में गिरे वाहन में फंसे लोगों को निकाला।

### बीजेपी की कलह खुलकर आने लगी सामने

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ने एक बयान जारी कर कहा कि बीजेपी की अंदरूनी कलह सामने आने लगी है। उन्होंने हरक सिंह रावत के चुनाव ना लड़ने को लेकर चुटकी लेते हुए कहा की मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की उनके मंत्री, विधायकों के साथ पटरी नहीं बैठ रही है। सूबे के वरिष्ठ मंत्री का यह बयान बीजेपी की अंदरुनी कलह को खोलता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई आम आदमी पार्टी की विचारधारा से प्रेरित होकर पार्टी में आना चाहता है तो उसका स्वागत है। बीजेपी में बड़े नेता एक दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हैं।

# सरकार ने अपनी साफ सुथरी छवि बनाई

## सीएम ने किया 12 योजनाओं का शिलान्यास व पांच योजनाओं का लोकार्पण

**संवाददाता**

बागेश्वर/देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर की 12 योजनाओं का शिलान्यास धनराशि 4032.91 लाख तथा 05 योजनाओं का लोकार्पण धनराशि 848.33 लाख तथा विधानसभा कपकोट की 15 योजनाओं का शिलान्यास धनराशि 4480.59 लाख तथा 09 योजनाओं का लोकार्पण धनराशि 1825.34 लाख इस प्रकार 14 योजनाओं का लोकार्पण तथा 27 योजनाओं का शिलान्यास कुल धनराशि 11187.17 लाख के विभिन्न विभागों के योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के मुख्यमंत्री ने जिला कार्यालय भाजपा का भी उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य व अवस्थापना के क्षेत्र पर कार्य कर रही है। रोजगार

**कार्यक्रम के मुख्यमंत्री ने जिला कार्यालय भाजपा का भी उद्घाटन किया**

व प्रोत्साहन को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में युवाओं के लिए खेलनीति बनाई गयी है। हमारी आने वाली पीढ़ी स्वस्थ हो इसके लिए सौभाग्यवती योजना शुरू की जा रही है। यह बात मुख्यमंत्री ने जनपद बागेश्वर में विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण के अवसर पर कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास को प्राथमिकता देते हुए अपना कार्य कर रही है। साढ़े तीन वर्षों में प्रदेश सरकार ने अपनी साफ सुथरी छवि बनाई है, इसी का परिणाम है कि इस अवधि में कोई भी भ्रष्टाचार का मामला नहीं आया। कोविड के दौरान भी प्रदेश सरकार ने विकास



योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करते सीएम।

कार्यों को रूकने नहीं दिया। कोरोना संक्रमण के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए स्वास्थ को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए प्रत्येक जनपद में आईसीयू तथा ऑक्सीजन बैड की उपलब्धता सुनिश्चित करायी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्तमान समय में 2400 डॉक्टर कार्यरत है तथा 720 डॉक्टर तथा नर्सेज की भर्ती की जा रही है। उत्तराखण्ड अटल आयुष्मान योजना की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई है। इस योजना के अन्तर्गत देश के 22 हजार अस्पतालों में 05 लाख रूपये की राशि तक की चिकित्सा सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगले सत्र से अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में कक्षायें शुरू हो जायेंगी तथा पिथौरागढ़, हरिद्वार व रूद्रपुर में मेडिकल कॉलेजों की स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देश का पहला प्रदेश है जहां 500 स्कूलों में ऑनलाइन कक्षायें शुरू करायी गयी है तथा पूरे प्रदेश में एनसीईआरटी की किताबें लागू की गयी है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं, किसानों व डॉक्टरों आदि के संबंध में अपनी घोषणाओं के अनुसार कार्य कर रही है।

**बेटी बचाओं-बेटी पढाओं योजना पर बेहतरीन कार्य**

प्रदेश सरकार बेटी बचाओं-बेटी पढाओं योजना पर बेहतरीन कार्य कर रही है। सरकार मूलभूत सुविधाओं को सर्वोच्चता दे रही है जिसके कारण हर गॉव को सड़क व बिजली सुविधा से जोड़ा गया है। जिसके लिए उत्तराखण्ड को अनेक अवार्ड भी मिल चुके है।

# राज्य में 288 नए कोरोना संक्रमित मिले

## 11 मरीजों की मौत, 518 मरीजों को स्वस्थ होने के बाद घर भेजा

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में बीते 24 घंटे में 288 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं, जबकि 11 मरीजों की मौत हुई है। वहीं, 518 मरीजों को स्वस्थ होने के बाद घर भेजा गया है। कुल संक्रमितों की संख्या 60 हजार के करीब पहुंच गई है। वहीं, 53718 मरीज ठीक हो चुके हैं।

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को 12363 सैंपलों की जांच रिपोर्ट निगेटिव मिली है। ऊधमसिंह नगर जिले में सबसे अधिक 62 कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं। देहरादून में 44, पौड़ी में 41, नैनीताल में 33, रुद्रप्रयाग में 26, हरिद्वार में 17, उत्तरकाशी में 14, बागेश्वर में 13, चमोली में 10, टिहरी में 12, चंपावत में सात, अल्मोड़ा में पांच और पिथौरागढ़ जिले में चार कोरोना संक्रमित मामले सामने आए हैं। संक्रमित मरीजों की संख्या 59796 हो गई है। प्रदेश में आज 11 कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत हुई है। इसमें एम्स ऋषिकेश में दो, दून मेडिकल कॉलेज में एक, हिमालयन हॉस्पिटल में एक, महंत इंदिरेश हॉस्पिटल में दो, जिला अस्पताल ऊधमसिंह नगर में एक, जिला अस्पताल बागेश्वर में एक, सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में दो और एचएनबी बेस हॉस्पिटल श्रीनगर में एक मरीज ने दमतोड़ा है। ऊधमसिंह नगर जिले में कोरोना संक्रमण की रिकवरी दर सबसे ज्यादा 95 प्रतिशत है, जबकि ये हरिद्वार जिले की 93 और टिहरी जिले की 91 प्रतिशत है। नैनीताल और अल्मोड़ा जिले की रिकवरी दर भी 90 प्रतिशत से ऊपर है। जबकि आठ जिलों में ठीक होने वाले मरीजों की दर 81 प्रतिशत से अधिक है।

**ठीक होने वालों की रफ्तार में बढ़ोतरी**

उत्तराखंड में कोरोना संक्रमित मरीजों की तुलना में ठीक होने वालों की रफ्तार लगातार बढ़ रही है। एक माह के भीतर प्रदेश की रिकवरी दर का ग्राफ 18 प्रतिशत बढ़ा है। ऊधमसिंह नगर जिला रिकवरी दर में पहले स्थान पर है। जबकि हरिद्वार दूसरे और टिहरी तीसरे स्थान पर है। सबसे कम रिकवरी दर पौड़ी जिले की 81 प्रतिशत है। प्रदेश में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों के ठीक होने की रफ्तार तेजी से आगे बढ़ रही है। एक माह पहले 22 सितंबर को जहां प्रदेश की रिकवरी दर 71 प्रतिशत थी। वहीं, अब 89 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

# नहीं लड़ूंगा 2022 में होने वाला अगला विधानसभा चुनाव

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने ऐलान किया है कि वह वर्ष 2022 में होने वाला अगला विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। साथ ही उन्ह्होंने यह भी जोड़ा कि वह राजनीति से संन्यास नहीं ले रहे हैं। मीडिया से बातचीत में उन्ह्होंने अचानक अगला विधानसभा चुनाव न लड़ने की बात कही। रावत ने कहा कि इसकी जानकारी उन्होंने भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार समेत वरिष्ठ नेताओं को दे दी है। वैसे उन्होंने राजनीति छोड़ने या राजनीति से संन्यास लेने की बात से इनकार किया है। मौजूदा परिस्थितियों में उनका इस बयान के कई निहितार्थ निकाले जा रहे हैं।

सरकार ने हाल में उन्हें भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पद से हटाकर श्रम संविदा बोर्ड के अध्यक्ष शमशेर सिंह सत्याल को यह जिम्मेदारी सौंप दी थी। हरक सिंह रावत के पास श्रम और सेवायोजन मंत्रालय भी है। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पद पर अब तक हरक सिंह रावत ही काबिज थे। गढवाल दौरे के बाद वह गुरुवार को ही दून पहुंचे। उन्होंने कहा था कि इस मामले में वह मुख्यमंत्री से बात करेंगे लेकिन अभी उनकी मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं हो पाई है। हरक सिंह रावत के चुनाव न लडने के एलान को इस घटनाक्रम से जोड़कर भी देखा जा रहा है।

वर्ष 2016 में कांग्रेस की तत्कालीन हरीश रावत सरकार के खिलाफ बगावत कर नौ अन्य विधायकों के साथ भाजपा में शामिल होकर हरक सिंह रावत ने सरकार पर संकट ला दिया था। इसके बाद वह वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में पौड़ी गढवाल जिले की कोटद्वार विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरे और जीत हासिल की। हरक की छवि तेजतर्रार मंत्री की रही है।

**ऐलान**

■कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत का ऐलान


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact: **Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# अज्ञात हमलावर को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश

## बालिका से छेड़छाड़ एवं मारपीट पर सतपाल महाराज सख्त

**संवाददाता**

सतपुली/देहरादून। विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के अंतर्गत ग्राम धरासू, पट्टी मवालस्यूं में 21 वर्षीय बालिका से छेड़छाड़ एवं मारपीट के मामले में क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के काबीना मंत्री सतपाल महाराज ने जिलाधिकारी पौड़ी को दूरभाष पर निर्देश देते हुए अज्ञात हमलावर को शीघ्र गिरफ्तार करने को कहा है। जनपद पौड़ी गढ़वाल के चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धरासू, पट्टी मवालस्यूं की 21 वर्षीय छात्रा पर कॉलेज से आते हुये गत 21 अक्टूबर को लटीबा बस स्टाप के पास एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा छेड़छाड़ करने के साथ ही जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। जिसकी रिपोर्ट राजस्व पुलिस से की गई।

क्षेत्रीय विधायक एवं काबीना मंत्री सतपाल महाराज ने घटना की गंभीरता को समझते हुए इस पूरे प्रकरण को निमित पुलिस को सौंपे जाने के साथ ही जिलाधिकारी पौड़ी को दूरभाष पर निर्देश दिए हैं कि छात्रा से छेड़छाड़ व जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल करने वाले अज्ञात हमलावर को तुरंत गिरफ्तार किया जाये।